# आपका चिकित्सा देखभाल पर कितना खर्च आएगा यह बताते हुए "गुड फेथ एस्टिमेट" प्राप्त करने का आपको अधिकार है।

कानून के तहत, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को चिकित्सा वस्तुओं और सेवाओं के बिल का अनुमान उन रोगियों को देने की आवश्यकता होती है जिनके पास बीमा नहीं है या जो बीमा का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

- आपको किसी भी गैर-आपातकालीन वस्तुओं या सेवाओं की कुल लगने वाली लागत के लिए गुड फेथ एस्टिमेट प्राप्त करने का अधिकार है। इसमें चिकित्सा परीक्षण, डॉक्टर के द्वारा पर्चे पर लिखी दवाएं, उपकरण और अस्पताल शुल्क जैसी संबंधित लागतें शामिल हैं।

- सुनिश्चित करें कि आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको आपकी चिकित्सा सेवा या वस्तु से कम से कम 1 कार्यदिवस पहले लिखित रूप में एक गुड फेथ एस्टिमेट देता है। आप किसी वस्तु या सेवा को प्राप्त करने से पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, और आपके द्वारा चुने गए किसी भी अन्य प्रदाता से गुड फेथ एस्टिमेट के लिए भी पूछ सकते हैं।

- अगर आपको गुड फेथ एस्टिमेट से कम से कम $400 अधिक बिल मिलता है, तो आप बिल पर विवाद कर सकते हैं।

- अपने गुड फेथ एस्टिमेट की एक प्रति या तस्वीर सहेजना सुनिश्चित करें।

गुड फेथ एस्टिमेट के अपने अधिकार के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए, www.cms.gov/nosurprises पर जाएं या 1-877-696-6775 पर कॉल करें।